# दिनांक 27.11.2021 को जिलाधिकारी खीरी /अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का कार्यवृत्त।

(8)

दिनांक 27.11.2021 को जिलाधिकारी खीरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट सभागार खीरी में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित रहे।

1– जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी।
2– मुख्य विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी।
3– जिला विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी।
4– प्रभागीय वनाधिकारी लखीमपुर खीरी।
5– जिला थारू जनजाति के विकास कार्यो के परियोजना अधिकारी ।
6– जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी।
7– अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, प्रथम लखीमपुर खीरी ।
8– अधिशासी अभियन्ता ग्राउन्ड वाटर, नलकूप खण्ड, प्रथम लखीमपुर खीरी।
9– जिला सूचना अधिकारी एवं जनसम्पर्क अधिकारी लखीमपुर खीरी।
10– जिला पंचायत राज अधिकारी, लखीमपुर खीरी।
11– सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई।
12– अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, जल निगम लखीमपुर खीरी।

बैठक में सर्वप्रथम जल जीवन मिशन से सम्बन्धित कराये जाने वाले कार्यो एवं इस योजना से सम्बन्धित जारी दिशा निर्देशों की जानकारी उपस्थित सभी अधिकारियों को दी गयी। जिसमें अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव द्वारा बताया गया कि वर्तमान तक कुल 75 नग डी0पी0आर0 की स्वीकृति एस0एल0एस0एस0सी0 से प्राप्त हो चुकी है एवं उक्त 75 नग डी0पी0आर0 में से 14 नग पाइप पेयजल योजनाओं के त्रिपक्षीय अनुबन्ध गठित किये जा चुके हैं एवं शेष 61 नग डी0पी0आर0 में से 58 नग डी0पी0आर0 के त्रिपक्षीय अनुबन्धों की मूल प्रति राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा चुकी है।

तदोपरान्त सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत मै0 एन0सी0सी0 लि0 एन0 सी0सी0 हाउस 5 वॉ तल सर्वे न0 64 माधापुर हैदराबाद द्वारा विरचित 32 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम लखीपुर खीरी में प्रस्तुत किये गये थे, जो जांचोपरान्त तकनीकी स्वीकृति हेतु मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम लखनऊ को प्रेषित किये गये थे, जिनमें से 22 नग डी0पी0आर0 की तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम लखनऊ द्वारा प्रदान कर दी गयी है।

उपरोक्त 22 नग पाइप पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये गये। जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा विस्तृत विचार विमर्श किया गया। प्रस्तुत की गयी उपरोक्त 22 नग परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है। प्रस्तुत 22 नग परियोजनाओं में से 13 नग डी0पी0आर में रोड कटिंग 25% से अधिक है जिसका सत्यापन जल निगम के सहायक अभि0/मु0अ0 द्वारा करा लिया गया है। (प्रमाणपत्र DPR में संलग्न)

| क्र0सं0 | विकास खण्ड का नाम | परियोजना का नाम | परियोजना की कुल लागत (रू0 लाख में ) |
|---|---|---|---|
| 1 | लखीमपुर | करनपुर | 315.38 |
| 2 | लखीमपुर | मूर्तिहा | 441.94 |
| 3 | नकहा | बेल (खुर्द) | 268.03 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | धौरहरा | मूसेपुर | 273.36 |
| 5 | धौरहरा | हसनपुर | 351.57 |
| 6 | रमियांबेहड़ | जम्हौरा | 303.19 |
| 7 | ईसानगर | बेटी सहदेव | 346.93 |
| 8 | ईसानगर | मूड़ी | 276.47 |
| 9 | ईसानगर | ऐरा | 338.30 |
| 10 | ईसानगर | रायपुर ईसानगर | 420.99 |
| 11 | कुम्भीगोला | निजामपुर | 268.02 |
| 12 | पलिया | रामनगर / पुरैना पलिया | 336.23 |
| 13 | पलिया | ढाखा | 419.58 |
| 14 | पलिया | कृष्णानगर कालोनी | 382.17 |
| 15 | बिजुआ | जगदेवपुर | 496.97 |
| 16 | बिजुआ | मुड़िया हेमसिंह | 297.92 |
| 17 | बिजुआ | बेलवा मलूकापुर | 287.97 |
| 18 | बिजुआ | रहीमनगर ग्रन्ट | 326.01 |
| 19 | बांकेगंज | पहाड़ नगर | 513.06 |
| 20 | बांकेगंज | बनबुधेली | 282.72 |
| 21 | बांकेगंज | रोशन नगर | 358.10 |
| 22 | निघासन | मोतीपुर | 346.82 |

उक्त 22 नग परियोजनाओं कें डी0पी0आर0 निर्धारित मानक के अनुसार सही पाये गये जिनकी वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा प्रदान की गयी।

अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि समिति में लिये गये निर्णय के क्रम में उक्त 22 नग परियोजनाओं का डी0पी0आर0 (निर्धारित प्रारूप–44 कालम पर) अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन उ0प्र0 जल निगम 6– राणा प्रताप मार्ग लखनऊ को प्रेषित किया जाय। तत्पश्चात सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी ।

27.11.21
अधिशासी अभियन्ता
जल निगम
समिति सचिव

सहायक अभियन्ता
लघुसिंचाई

जिला पंचायत
राज अधिकारी,
लखीमपुर
खीरी।

27/11/21
जिला थारू जनजाति के
विकास कार्यो के
परियोजना अधिकारी

अधिशासी अभियन्ता,
नलकूप खण्ड
लखीमपुर खीरी।

जिला सूचना
अधिकारी,
लखीमपुर
खीरी।

मुख्य
चिकित्साधिकारी
लखीमपुर खीरी।

27/11/21
सहायक अभियन्ता,
सिंचाई खण्ड
प्रथम लखीमपुर
खीरी।

प्रभागीय वनाधिकारी
लखीमपुर खीरी।

27.11.2021
जिला विकास
अधिकारी लखीमपुर
खीरी।

27.11.21
मुख्य विकास अधिकारी
लखीमपुर खीरी।
उपाध्यक्ष

27.11.21
जिलाधिकारी
लखीमपुर खीरी।
अध्यक्ष